



# अयोध्या नगर निगम

## मासिक समाचार पत्रिका - जून 2024

### माह के प्रमुख बिन्दु

| | |
|---|---|
| विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | 21 जून |
| स्वच्छ भारत मिशन | 27 से 30 जून |
| बड़ा मंगलवार | 28 मई |
| 4 जून / 11 जून | 18 जून |
| गंगा दशहरा | 16 जून |
| बकरीद | 17 जून |

**एंड्रॉइड और आईओएस के लिए हमारे मोबाइल एप्लिकेशन को स्कैन करें और डाउनलोड करें...**

GET IT ON Google Play

Download on the App Store



**अरविन्द कुमार शर्मा**
शहरी विकास अधिकारी



**गिरीश पति त्रिपाठी**
महापौर



**संतोष कुमार शर्मा**
नगर आयुक्त

**रिपोर्ट करने के लिए स्कैन करें**


**वेबसाइट:** nagarnigamayodiya.in || **टोल फ्री नंबर:** 1800 313 1277
**नियंत्रण कक्ष:** 1533 || **ईमेल:** nagarnigamayodhya@gmail.com

**नगर निगम, अयोध्या सिविल लाइन्स, लाजपत नगर, अयोध्या**


**फॉलो करे -**

**नगर निगम अयोध्या**

# महापौर की कलम से

अयोध्या महानगर के वासियों को बेहतर जीवन सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में, हमने यह न्यूज़ लेटर शुरू किया है। इस न्यूज़  लेटर के माध्यम से हम महीने  भर की गतिविधियों का लेखा-जोखा और कार्यों की जानकारी साझा करेंगे। हमारा उद्देश्य अयोध्या नगर निगम को पारदर्शी बनाना है, ताकि जनसहभागिता और जनसहयोग को प्रोत्साहित किया जा सके। हमारी वेबसाइट **https://nagarnigamayodhya.in** पर सभी जानकारी उपलब्ध है, अयोध्यावासी नगर निगम के कार्यों का अवलोकन कर सकते हैं।  और अपने सुझाव और विचार समय-समय पर हमें भेज सकते हैं। प्रधानमंत्री जी ने 03/12/2023 को कहा था कि अयोध्या को भारत का सबसे स्वच्छ नगर बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगर निगम की पूरी टीम आपके सहयोग से काम कर रही है। हम आशा करते हैं कि इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आपको हमारे कार्यों और योजनाओं की पूरी जानकारी मिलेगी और हम मिलकर अयोध्या को एक आदर्श नगर बना सकेंगे।

गिरीश पति त्रिपाठी जी
महापौर

# नगर आयुक्त  की कलम से

नगर निगम अयोध्या के मासिक न्यूज लेटर का प्रथम अंक आपके सम्मुख लाते हुये अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। विभाग द्वारा प्रकाशित इस मासिक न्यूज लेटर के माध्यम से हमारा प्रयास है कि नित्य प्रति कृत कार्यवाही एवं निगम की गतिविधियों, योजनाओं व महत्वपूर्ण सूचनाएं जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत किया जाये। इस प्रथम अंक के माध्यम से नगर निगम द्वारा प्रदत्त सुविधाओं/कार्यवाहियों को जनमानस के संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया गया है। निगम जनमानस - सुविधार्थ जन सुविधाओं के विकास की दिशा में जनमानस से अपील है कि निगम द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर का नियमित पाठन करें एवं अपने मार्गदर्शी सुझावों / विचार निगम के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। आप सभी से अनुरोध है कि इस अभिनव प्रयास में सहभागिता प्रदान करते हुये सुझाव / विचार से अवगत करने का कष्ट करें।

शुभकामनाओं सहित

संतोष कुमार शर्मा
नगर आयुक्त

दिनांक **01.06.2024** को नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा ग्रीष्म ऋतु में निरन्तर तापमान में वृद्धि के दृष्टिगत नगर में समुचित पेयजल व्यवस्था के सम्बन्ध में जलकल विभाग के अधिकारियों/ अभियन्ताओं के साथ पेयजल हेतु लगे वाटर कियास्क एवं वाटर कूलर आदि का निरीक्षण किया गया व बैठक आहूत की गयी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु में निरन्तर तापमान में वृद्धि के दृष्टिगत आम जन जीवन पूर्णतया प्रभावित है, जिसके दृष्टिगत शुद्ध पेयजलापूर्ति, नाला/नालियों की साफ-सफाई एवं मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश






बैठक में उपस्थित अभियन्तागण को नियमित रूप से पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित वाटर कियास्क, वाटर ए०टी०एम० व वाटर कूलर के पर्यवेक्षण के निर्देश दिये गये है। इसके साथ-साथ पेयजल में नियमित क्लोरीनेशन कराये जाने व नमूने का परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प की जलापूर्ति के परीक्षण के निर्देश दिये गये व ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत निर्बाध जलापूर्ति के निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त छिडकाव कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। पशु-पक्षियों हेतु भी मार्गों के किनारे हौद में पानी रखने की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ साथ आमजन से भी अपील है कि अपने छत/बालकनी/टेरेस पर भी पक्षियों हेतु बर्तन में पानी की व्यवस्था करे, जिससे पक्षी भी पेयजल से वंचित न रहे। इस दौरान महाप्रबन्धक जल श्री महेश चन्द्र आजाद, अधिशाषी अभियन्ता जल श्री अनूप सिंह. सहायक अभियन्ता श्री जय कुमार, अवर अभियन्ता श्रीमती शशिकला, सुश्री अनु जायसवाल आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## 3 जून



नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नाला सफाई, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था एवं मार्ग प्रकाश व्यवस्था के विषय में संबंधित अधिकारीगण एवं अभियंताओं संग बैठक आहूत कर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त अवशेष नाली की सफाई का कार्य अविलम्ब पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

- जल भराव वाले क्षेत्रों की कार्ययोजना तैयार कर नियमित एन्टीलावो छिडकाव हेतु निर्देशित किया गया। चिन्हित स्थलों पर जल निकासी समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये।

- इसी क्रम में दिनांक 27-06 से 30-06 2024 तक 75 घंटे का विशेष नाला सफाई अभियान चलाया गया|

- बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त श्री वागीश कुमार शुक्ला, श्री अनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्री अशोक कुमार गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल) श्री महेश चन्द्र आजाद, अधिशाषी अभियन्ता श्री मोद नारायण झा, सहायक अभियन्ता श्री आर०पी० यादव, श्री जय कुमार, सुश्री आस्था गुप्ता, श्री भरत राज वर्मा, अवर अभियन्ता श्री सी०पी० मौर्या, श्री राजेश पटेल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री कमल कुमार, श्री देवी प्रसाद शुक्ला, श्री राकेश कुमार वर्मा आदि अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 5-14 जून: मिशन सुनहरा कल एवं विश्व पर्यावरण दिवस

- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अयोध्या नगर निगम द्वारा मेरा आंगन मेरी हरियाली थीम के अंतर्गत कान्हा वैसिंह गौशाला में माननीय महापौर जी, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा जी व अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण द्वारा वृक्षारोपण कर अयोध्यावासियों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण में योगदान हेतु अपील की।

- हरित क्षेत्र में वृद्धि एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु शैक्षणिक संस्थानों से भी सहयोग प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है। प्रत्येक छात्र अपने घरों/छत/टैरेस आदि पर कम से कम एक पौधारोपण कर विद्यालय में प्रस्तुत करें। इस दिशा में अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में भी लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण की कार्यवाही की जायेगी।

- इस ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान की विभीषिका से हम सभी चित परिचित हो चुके है। इस महाभियान में सभी की सहभागिता एवं सहयोग अपेक्षित है। स्वस्थ निरोगी जीवन हेतु पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सभी नागरिकों को पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधे का रोपित करने का संकल्प ले।





- अयोध्या नगर निगम एवं डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एण्ड सर्विसेस के संयुक्त पहल द्वारा 'मेरा आंगन, मेरी हरियाली' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर क्षेत्रवासियों को अयोध्या नगरी में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया व क्षेत्रवासियों को अपने घर व आँगन में पौधे लगाने का आग्रह किया गया।

- अयोध्या नगर निगम एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान से 5 जून से लेकर 14 जून तक चलने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत दशरथ महल स्थित वाटिका में आईटीसी टीम द्वारा श्रद्धालु व आगंतुकों के माध्यम से वृक्षारोपण कर जागरूकता कार्य किया गया।



- **07 जून 2014** को नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा जी द्वारा अमृत **2.0** के अन्तर्गत चयनित गढ़टौपुर, पलिया शाहबादी स्थित तालाबों का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि जल सरंक्षण के दृष्टिकोण से अमृत **2.0** योजनान्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत **04** तालाबों जीर्णोद्धार के हेतु चयनित किया गया है, जिसमें बनबीरपुर, मददीपुर, पालिया शाहबादी एवं कुशगाहा स्थित तालाब के जीर्णोद्धार किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है

- निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता श्री राजवीर सिंह, अवर अभियन्ता श्री अमित जायसवाल एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





- वर्तमान में बनबीरपुर स्थित तालाब के जीर्णोद्धार की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त अन्य लाभार्थी/सरोवरों के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र निविदा आमन्त्रित करते हुए कराये जाने के निर्देश दिए गये। इस योजना में तालाब के सौन्दयीकरण के साथ साथ जनमानस के सुविधार्थ बैठने हेतु बेचेंज की व्यवस्था, टायलेट वॉकिंग पाथ आदि का निर्माण प्रस्तावित है।

- प्रथम चरण में **04** तालाबी बनबीरपुर गढ़ीपुर, पालिया शाहबादी एवं कुशमाहा में स्थित तालाबों का चयन किया गया है। वर्तमान में बनबीरपुर तालाब के जीर्णोद्धार की कार्यवाही प्रगतिमान है। नगर निगम अयोध्या में जस सरंक्षण की दिशा में कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। निगम में स्थित अन्य तालाबों को चयनित करते हुए जीर्णोद्धार की कार्यवाही की जायेगी।

- निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता श्री राजवीर सिंह, अवर अभियन्ता श्री अमित जायसवाल एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम अयोध्या द्वारा मोबाइल ऐप लॉन्च: नगर वासियों और व्यापारियों के लिए सुविधाओं में वृद्धि

- **10 जून 2024:** नगर निगम अयोध्या द्वारा नगर वासियों और व्यापारियों के सुविधार्थ एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का आसानी से लाभ उठाने में मदद करेगा।

- **भुगतान:** नागरिक संपत्ति कर, जल कर, और अन्य शुल्क इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।
- **शिकायत दर्ज करना:** नागरिक सड़कों, नालियों, सफाई, और अन्य नगरपालिका सेवाओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।
- **जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र:** नागरिक जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- **व्यवसाय लाइसेंस:** व्यापारी ऑनलाइन व्यवसाय लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं और नवीनीकरण कर सकते हैं।
- **नगर निगम की योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी:** नागरिक नगर निगम द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- **इस ऐप का उपयोग कैसे करें:**
- **नगर निगम अयोध्या** की वेबसाइट या **Google Play Store या Apple App Store** से ऐप डाउनलोड करें।
- ऐप इंस्टॉल करने के बाद, अपना मोबाइल नंबर और ईमेल पता दर्ज करके पंजीकरण करें।
- एक बार पंजीकरण करने के बाद, आप ऐप की विभिन्न सुविधाओं का उपयोग करना शुरू कर सकते हैं।
- यह ऐप नगर निगम अयोध्या की एक सराहनीय पहल है जो नागरिकों और व्यापारियों के लिए सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

- **इस सम्बन्ध में म. महोदय जी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम द्वारा प्रस्तुत सुविधाओं को आम नागरिकों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाया जा रहा है।**
- **नगर निगम हेतु "नगर निगम ऐप" नामक एक मोबाइल एप्लिकेशन भी तैयार की गयी है। आमजन इस App के माध्यम से नगर निगम से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।**

- **नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि जनम नगर की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए यह App विकसित किया गया है। आमजन इस App के माध्यम से नगर निगम से संबंधित विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नागरिक विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और उनका निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। इस App में नगर निगम से संबंधित अन्य सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा, जिससे आम नागरिकों का जीवन आसान बन सके।**



- दिनांक 13 जून 2024 को नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में टाउन वेण्डिंग कमेटी के सदस्यों के साथ वेण्डरों के स्थापन हेतु एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों के साथ वेण्डिंग जोन के निर्धारण के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया व नगर क्षेत्र में वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप पुनः वेण्डिंग जोन हेतु स्थल चयन किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे नगर क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे ठेले, खोमचे वाले वेण्डरों को स्थल पर पुर्नस्थापित किया जा सके।

- वर्तमान में निर्मित वेण्डिंग जोन में वेण्डरों  को चयन किये जाने हेतु नीति तैयार किये जाने पर चर्चा की गयी। स्थल चयन में स्थानीय व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त किया जाये व चिन्हित वेण्डिंग जोन मैं स्थानीय वेण्डरों को विशेष वरीयता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया। समस्त वेण्डिंग जोन थीम के अनुसार विकसित किये जाने के सम्बन्ध में परियोजना प्रबन्धक, नगरीय विकास अभिकरण को निर्देशित किया गया।



- बैठक में वेण्डिंग जोन का चयन एवं वेण्डरों को स्थापित किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक विविध एवं सी०एम०एम० की समिति गठित किये जाने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में विभिन्न व्यवसाय करने वाले कैसे एवं खोमचे अव्यवस्थित रूप से लगे हुए है। इन वेण्डरों की वेण्डिंग जोन का चयन करते हुए सुव्यवस्थित रूप से स्थापित किया जायेगा। वेण्डरों को पथ विक्रय प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जायेगा, जो नियत स्थान के लिए मान्य होगा। इस सम्बन्ध में यथाशीघ्र कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।  इस बैठक में अपर नगर आयुक्त श्री सुमित कुमार नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार मिश्र, अग्निशमन अधिकारी श्री एम०पी०सिंह, यातायात निरीक्षक, परियोजना अधिकारी डूडा यामिनी रजन, वेण्डिंग कमेटी के सदस्य पार्षद मा0 श्री चन्दन सिंह श्री अखिलेश पाण्डेय श्री कमल कौशल, श्री रमेश जायसवाल, श्री रामू सोनी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



- दिनांक 15.06.2024 को नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा जल भराव की समस्या के दृष्टिगत अवधपुरी कालोनी फेज-3 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से बाते की गयी, जल भराव के स्थायी समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों का निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि रामपथ के निर्माण दौरान अवधपुरी फेज-3 की ओर जाने वाला नाला क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी थी।

- इस सम्बन्ध में अस्थायी समाधान करते हुए जल निकासी का कार्य कराया गया था, परन्तु नियमित नाले का जल प्रवाह पूर्ण रूप से नहीं होने के कारण कुछ क्षेत्रों में कभी कभी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस सम्बन्ध में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तत्काल जल निकासी के निर्देश दिये गये। इसके साथ साथ सहायक अभियन्ता के साथ जल निकासी की समस्या के निदान हेतु किये गये प्रयास की जानकारी ली गयी।

- इस सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया कि अवधपुरी फेज-3 का दूषित जल उदया चैराहे से गुरुकुल के पास नाले से जोड़ा गया है जहाँ पी०डब्लू०डी० द्वारा बनाये गये कल्वर्ट का तल ऊंचा होने के कारण पूर्ण जल निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे नाला जाम होने पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

- इसी स्थल से हयूम पाइप से जोड़कर बह्मबाबा स्थित नाले में दूषित जल गिराये जाने से समस्या का स्थायी समाधान हो जायेगा। वर्तमान में निविदा की कार्यवाही पूर्ण हो गयी है। यथाशीघ्र समस्या का स्थायी समाधान करा दिया जायेगा।

- इस अभियान के दौरान जोनल अधिकारी श्री गुरु प्रसाद पाण्डेय, सहायक अभियन्ता श्री राजपति यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजेश कुमार झा, श्री कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री देवी प्रसाद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## दिनांक 16 जून 2024: सार्वजनिक शौचालयों का बेहतर प्रबंधन

- नगर निगम अयोध्या द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित सार्वजनिक शौचालय एवं सामुदायिक शौचालयों के बेहतर प्रबन्धन एवं अनुश्रवण हेतु अनूठी पहल की गयी है। इसमें नगर निगम में नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा स्वयं समेत निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, अभियन्ताओं एवं कर अधीक्षकों, कर निरीक्षकों समेत सभी न्यूनतम एक-एक शौचालय गोद लिये जाने का निर्देश जारी किया गया है।

- सम्बन्धित अधिकारी/अभियन्ता अपने लिये नामित सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए चेक लिस्ट के अनुरूप शौचालय पर पायी गयी कमियों का निराकरण करते हुए शौचालय की सेवाओं को उत्कृष्ट एवं बेहतर बनाने का प्रयास करेगे, जिससे अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके।

- इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा जानकी महल मोड़ पर स्थित शौचालय, अपर नगर आयुक्त श्री शशि भूषण राय को कच्चा घाट पुलिस चैकी के पीछे, अपर नगर आयुक्त श्री वागीश कुमार शुक्ला को तुलसी उद्यान स्थित सार्वजनिक शौचालय, अपर नगर आयुक्त श्री सुमित कुमार को राम की पैड़ी पर स्थित शौचालय, अपर नगर आयुक्त श्री अनिल कुमार सिंह को रामपैडी प्रथम शौचालय गोद लिया गया है। इसी प्रकार अन्य अधिकारियों को भी शौचालय गोद लिया गया है।

- इसी क्रम में नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा जानकी महल मोड पर स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में शौचालय की व्यवस्थाएं एवं साफ सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक पायी गयी। निरीक्षण में पायी गयी कमियों को तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि अयोध्या के आध्यात्मिक एवं धार्मिक नगरी है. श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरान्त

- अयोध्या में देश विदेश से नियमित रूप से अतिविशिष्ट/विशिष्ट जन एवं लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन नियमित रूप से हो रहा है। अयोध्या की गरिमा के अनुरूप उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान किये जाने हेतु निगम पूर्ण रूपणे प्रतिबद्ध है। इस भीषण ग्रीष्म ऋतु में भी श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं है। अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं हेतु पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई का बेहतर प्रबन्ध किया गया है।

- निगम में स्थित शौचालयी को इस पहल के माध्यम से बेहतर करने का प्रयास किया गया है। निगम के अधिकारियों द्वारा स्व-प्रेरणा इच्छाशक्ति से इस पहल पर सकारात्मक प्रयास किया गया तो निश्चित रूप से बेहतर परिणाम आये। अयोध्या को स्वच्छता के सर्वोच्च पायदान पर लाने में सफल होगे। इस अभियान में आमजन की सहभागिता अपेक्षित है।

- दिनांक 16.06.2024 को स्वछता सप्ताह के दृष्टिगत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर अयोध्या धाम के घाटों एवं गुप्तारघाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान का आरम्भ अयोध्या धाम में आरती घाट से आरंभ कर पाप मोचन घाट, लक्ष्मण घाट होते हुए राजघाट व गुप्तार घाट व अवधपुरी कॉलोनी में योगा पार्क व बकरीद पर्व के दृष्टिगत मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया।






उल्लेखनीय है कि अयोध्या धाम में गंगा दशहरा के पर्व के दृष्टिगत घाटों एवं बकरीद पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में स्थित मस्जिदों के आस पास विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि अयोध्या धार्मिक एवं अध्यात्मिक नगरी है। श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरान्त की लाखों संख्या में श्रद्धालुओं का प्रतिदिन आगमन हो रहा है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु निगम पूर्ण रूपेण कृत संकल्पित है।

- अयोध्या धाम में घाटों की सफाई, मठ मन्दिरों एवं मुख्य मार्गों की सफाई विशेष प्राथमिकताओं में है। नगर क्षेत्र घाटो पर विशेष अभियान चलाते हुए श्रद्धालुओं से प्रतिबन्धित पॉलीथिन का उपयोग न करने, कूडे को कूड़ेदान में डालने एवं पवित्र सरयू नदी को स्वच्छ रखने हेतु अपील की जा रही है। आम जन मानस एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से अयोध्या को विश्व की स्वच्छतम नगरी की संकल्पना को साकार किया जायेगा। स्वच्छता के इस महाभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

- इस अभियान के दौरान जोनल अधिकारी श्री अशोक कुमार गुप्ता, श्री गुरु प्रसाद पाण्डेय, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजेश कुमार झा, श्री कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री विजयेन्द्र वर्मा, श्री देवी प्रसाद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

**17 जून:**

- बकरीद सम्बंधित विशेष प्रतिबन्ध किया गया जिसमे कूड़ा एवं अन्य अपशिष्ट को उचित स्थान पर विघटित किया गया एवं खून और की एक बूँद का निशान ना मिले ऐसी व्यवस्था करी गयी।

## 18-22 जून: स्वच्छ बाजार अभियान एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

- पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के संबंध में अपर नगर आयुक्त महोदय दवारा **UPNEDA** एवं अयोध्या नगर निगम के अधिकारीगण संग बैठक आहूत कर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

- दिनांक **18.06.2024** को मा० महापौर जी एवं नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं नाला सफाई की अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में नगर में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। वर्तमान में प्रगतिमान कार्यों को समयबद्ध पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त नालों की सफाई का कार्य तत्काल पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। वर्तमान में गर्मी के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये गये। पेयजल की निरन्तरता बनी रहे इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अभियन्ताओं को निरन्तर पर्यवेक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया वर्षा ऋतु सन्निकट होने के कारण जल निकासी के विशेष प्रबन्ध किये  जाने  एवं जल भराव वाले क्षेत्री का चिन्हित करते हुए सम्यक समाधान के निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त जी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम सीमान्तर्गत क्रियान्वित विकास कार्यों को गतिशीलता प्रदान किये जाने एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त अवशेष नालों की सफाई का कार्य यूद्ध स्तर पर पूर्ण कराये जाने सम्भव के निर्देश दिये गये है।



- बैठक में अपर नगर आयुक्त श्री वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य अभियन्ता श्री राजवीर सिंह, महाप्रबन्धक (जल) श्री महेश चन्द्र आजाद, अधिशाषी अभियन्ता श्री मोद नारायण झा, श्री अनूप सिंह, सहायक अभियन्ता श्री आर०पी० यादव, श्री जय कुमार, सुश्री आस्था गुप्ता, श्री भरत राज वर्मा, अवर अभियन्ता श्री सी०पी० मौर्या, श्री राजेश पटेल, आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।




दिनांक **21.06.2024**

- विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर निगम अयोध्या एवं कवच संस्था के संयुक्त तत्वाधान में अंत्योदय सेवा संस्थान के योग प्रशिक्षक द्वारा गुप्तारघाट पर योगाभ्यास कराया गया। इस योगाभ्यास में ताडासन, कटिचक्रासन, अर्धचक्रासन, दण्डासन, भद्रासन सहित कई अन्य योगासन कराया गया। योग की विधियों को विस्तार से अवगत कराया गया।

- इसके अतिरिक्त मा० महापौर जी द्वारा कवच संस्था के साथ नगर निगम सीमान्तर्गत में स्थित **04** स्थलों यथा गुप्तारघाट, सूर्य कुण्ड, कौशलेश कुंज एवं अरुन्धती भवन (पश्चिमी) पर निःशुल्क योग शिविर संचालित किये जाने हेतु अनुबन्ध स्थापित किये गये। क्षेत्रीय नागरिक गण इन स्थलों पर निःशुल्क योग करने का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



- मा० महापौर जी द्वारा 10 वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय ज्ञान परम्परा की अमूल्य धरोहर है। इसके माध्यम से सम्पूर्ण जन मानस स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रोगमुक्त रह सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस नहीं है बल्कि युगो-युगों से भारत पूरे विश्व को योग की दिशा में मार्ग-दर्शन कर रहा है।







- भारत के ऋषि मुनि के अनुपम उपहार योग को अपनाकर आमजनमानस लाभान्वित हो रहा है। योग जीवन को साधने की कला है। योग को संकल्प के साथ जीवन में अपनाएं एवं सुखी और समृद्ध जीवन व्यतीत करें।

- इसी क्रम में नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि भारत सहित 177 देशों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारतीय ज्ञान मनीषीयों का अनुपम उपहार है। जो विश्व की मानवता के लिए है और आज पूरा विश्व योग कर रहा है। इस विधा को अपने जीवन में उतारकर शांतिमय जीवन जी सकते है।

- इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री वागीश कुमार शुक्ला, श्री अनिल कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता श्री अनूप सिंह एवं मा पार्षद श्री विजेंद्र सिंह श्री संतोष कुमार सिंह श्री अखिलेश पांडे व निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

- अयोध्या नगर निगम व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान से विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आईटीसी की टीम एवं मोहल्ला समिति के सदस्यों द्वारा गुरुकुल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- अयोध्या नगर निगम एवं डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एण्ड सर्विसेस के संयुक्त तत्वाधान से "हर दुकान दस्तक अभियान" के अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नीले व हरे कूड़ेदान का उपयोग करने का आग्रह कर अयोध्या की स्वच्छता में सहभागिता हेतु अपील की।







- दिनांक 23 जून 2023 को नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अपर नगर आयुक्त श्री अनिल कुमार सिंह के साथ अयोध्या धाम के रामपथ, दर्शन पथ, भक्तिपथ, जलवानपुरा, नाका आदि जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अभियन्ताओं को जल निकासी के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये। हनुमानगढ़ी मार्ग श्रृंगार हाट में तत्काल कार्यवाही करते हुए जल निकासी करायी गयी।

- इसके अतिरिक्त जलवानपुरा में अधिक क्षमता के पम्प स्थापित कराकर जल निकासी करायी गयी इलेक्ट्रिक पम्प के साथ - साथ डीजल पम्प की भी उपलब्धता रखने के निर्देश दिए गए, जिससे विद्युत की अनुपलब्धता होने पर निर्वाध रूप से जल निकासी करायी जा सके। इसके अतिरिक्त जलभराव के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

- अपर नगर आयुक्त श्री शशि भूषण राय के  द्वारा शिवनगर गद्दोपुर जनौरा लालबाग ,रामपथ में जल निकासी का निरीक्षण अपर नगर आयुक्त श्री शशि भूषण राय ने 14 जुलाई 2024 को  शिवनगर गद्दोपुर जनौरा में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने जल निकासी से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- अपर नगर आयुक्त श्री शशि भूषण राय के द्वारा शिवनगर गद्दोपुर जनौरा लालबाग, रामपथ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जलनिकासी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



- इसके अतिरिक्त अन्य कार्यदायी संस्थाएं जिनके द्वारा नाले एवं डक्ट का निर्माण किया जा रहा है, उनसे तत्काल समन्वय करते हुए जल निकासी के अवरुद्ध स्थलों का चिन्हित करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये गये। सम्बन्धित कार्यदायी सस्थाओं को जल निकासी को अवरुद्ध करने वाले स्थलों पर पड़े मलबों/निर्माण सामग्री आदि नाले आदि से हटाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

- इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था तोशिबा को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पूर्व में जल भराव की समस्या के क्षेत्रों में पम्प के माध्यम से जलनिकासी करायी जा रही है। आवश्यकतानुसार विद्युत एवं डीजल पम्प की संख्या भी बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये है। इसके अतिरिक्त समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए अबिलम्ब जल निकासी के निर्देश दिए गये है।

- जल भराव के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर कार्यवाही की जा रही है। मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नाले के सफाई के दौरान पुलिया बाटल नेक हयूम पाइप आदि जहाँ भी जल प्रवाह के अवरुद्ध होने की संभावना हो उन स्थलों का निरीक्षण करते हुए तत्काल सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

- इसके अतिरिक्त जोनवार वरिष्ठ अधिकारियों यथा अपर नगर आयुक्त श्री शशि भूषण राय को कौशलपुरी जोन, श्री वागीश कुमार शुक्ला को अयोध्या धाम एवं श्री अनिल कुमार सिंह को अवधपुरी जोन के नेतृत्व में जलभराव की समस्या से निदान हेतु जोनल अधिकारी सहायक अभियंता जल निर्माण व मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के नेतृत्व में समस्त उपकरणों से सुसज्जित 15 कर्मी, 1 जे सी बी व 1 मैजिक वाहन सहित त्वरित कार्य दल (**Quick Response Team**) का गठन किया गया है, जो शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल समस्या के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी ।

**26 जून:**

- नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा जी व अपर नगर आयुक्त श्री अनिल कुमार सिंह जी द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत पराग डेयरी नाला, भक्ति पथ हनुमान गढ़ी मार्ग, श्री राम चिकित्सालय के सामने मोहल्ला जलवानपुरा एवं सहाबगंज नाले का स्थलीय निरिक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदत्त किये गए।



- अयोध्या नगर निगम व टीम डीवाईन द्वारा घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों को अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता हेतु गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग करके समझाया गया व घर में निकलने वाला कूड़ा कचरा संग्रहण वाहन में देने की अपील की।

- दिनांक 26 जून 2024 को महापौर जी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण के दृष्टिगत नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त अभियान के सम्बन्ध में निगम के मा० पार्षदगण एवं सफाई सुपरवाइजर के साथ बैठक आहूत की गयी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में वर्षाऋतु के कारण संक्रामक रोगों/वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु शासन के निर्देशानुसार 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक विभिन्न वार्ड में स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के समन्वय से संयुक्त अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत प्रथम पाली में नालियों की सफाई व एन्टीलार्वा का छिड़काव व द्वितीय पाली में वार्ड में फागिंग का कार्य कराया जा रहा है |



- मा० महापौर जी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम नागरिकों की स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु पूर्ण रूपेण प्रतिबद्ध है। इस अभियान के अन्तर्गत सम्पूर्ण माह अभियान चलाया जायेगा। नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि संचारी रोगों से बचाव हेतु वार्डो में अभियान चलाये जाने हेतु रोस्टर तैयार किया गया है। उक्त अभियान नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित कराया जा रहा है।




- इस सम्बन्ध में सफाई विभाग के प्रमुख अधिकारियों को सभी वार्डो में नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार अभियान चलाये जाने व पर्यवेक्षण करने हेतु निर्देश दिये गये है।
- इस बैठक में अपर नगर आयुक्त श्री अनिल कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री आर०एम०शुक्ला, मा० पार्षद श्री अर्जुन यादव, श्री अखिलेश पाण्डेय, सहायक नगर आयुक्त श्री गुरु प्रसाद पाण्डेय, जिला फाइलेरिया अधिकारी श्री डी० के० श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- दिनांक 28.06.2024 को 72 घण्टे विशेष नाला सफाई अभियान के दौरान नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा पुष्पराज चैराहे, जलवान पुरा व कौशलपुरी कालेनी में नाला सफाई अभियान प्रारम्भ किया गया तथा जल भराव की समस्या के दृष्टिगत कौशलपुरी स्थित जे०बी० पुरम् कॉलोनी सहित अन्य जलभराव के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।
- निरीक्षण के दौरान जे०बी० पुरम् में हुये जल भराव के जल निकासी हेतु तत्काल कच्चे नालों को तोड़ कर जल निकासी करायी गयी। नगर निगम द्वारा जल भराव की समस्या के त्वरित समाधान के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया गया है, जो जल भराव के चिन्हित क्षेत्रों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

## 27-30 जून: हर दुकान दस्तक अभियान

* अयोध्या नगर निगम एवं डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एण्ड सर्विसेस के संयुक्त तत्वाधान से “हर दुकान दस्तक अभियान" के अंर्तगत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यापारियों को ‘सिंगल यूज प्यास्टिक’ के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक कर नीले व हरे कूड़ेदान का उपयोग करने का आग्रह कर अयोध्या की स्वच्छता में सहभागिता हेतु अपील की।

* अयोध्या नगर निगम व टीम डीवाईन द्वारा घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों को अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता हेतु गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग करके समझाया गया व घर में निकलने वाला कूड़ा कचरा संग्रहण वाहन में देने की अपील की।



**27 जून :**

मंडलायुक्त श्री गौरव दयाल जी, जिलाधिकारी श्री नीतीश कुमार जी एवं नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा जी ने श्रीराम चिकित्सालय के सामने जलवानपुरा में संचालित मोटर पंप के माध्यम से जलनिकासी का स्थलीय निरीक्षण किया।



- जलवानपुरा में शिकायतकर्ता से मिलकर जलनिकासी से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया।

- अयोध्या नगर निगम एवं डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एण्ड सर्विसेस के संयुक्त तत्वाधान से ‘हर दुकान दस्तक’ अभियान के अंर्तगत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यापारियों को ‘सिंगल यूज प्लास्टिक’ के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नीले व हरे कूड़ेदान का उपयोग करने का आग्रह कर अयोध्या की स्वच्छता में सहभागिता हेतु अपील की।

- वर्षा के दुष्प्रभाव से दिनांक 27-06-2024 से 30-06-2024 तक 75 घंटे का विशेष नाला सफाई अभियान चलाया गया ।

- 28 जून: अयोध्या नगर निगम एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वधान में अयोध्या में अवधपुरी वार्ड क्षेत्र की मोहल्ला समिति द्वारा क्षेत्रवासियों को विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के विषय में जागरूकता प्रदान कर वार्ड में रखें सामुदायिक कंपोस्टर की भी जानकारी प्रदान की गई।




- दिनांक 29 जून 2024 को मण्डलायुक्त महोदय, जिलाधिकारी महोदय एवं नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों/अभियन्ताओं के साथ जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जलवानपुरा स्थित मोहल्ला क्षीरसागर, अयोध्या धाम पुराना रेलवे स्टेशन में जलभराव के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

- निरीक्षण के दौरान जल निकासी के समस्या के सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि जल भराव की समस्या से निपटने के लिए उचित प्रबन्ध कर लिया जाये। रामपथ पर हो रहे जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। जल भराव के स्थायी समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि रामपथ के निर्माण नाला क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जैसे क्षेत्र में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी थी।

- इस सम्बन्ध में अस्थायी समाधान करते हुए जल निकासी का कार्य कराया गया था, परन्तु नियमित नाले का जल प्रवाह पूर्ण रूप से नहीं होने के कारण कुछ क्षेत्रों में कभी-कभी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस सम्बन्ध में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तत्काल जल निकासी के निर्देश दिये गये। इसके साथ-साथ आई०टी०आई० के सामने जल भराव वाले स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय स्थानीय लोगों से मिलकर जल भराव से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

- इसके उपरान्त नगर आयुक्त द्वारा श्री राम चिकित्सालय परिसर में जल भराव की स्थिति का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जल निकासी के समस्या के सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि जल भराव की समस्या से निपटने के लिए उचित प्रबन्ध कर लिया जाये।



- जल भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए त्वरित कार्यवाही की जाये। श्री राम चिकित्सालय के पीछे दीवाल टूट जाने के सम्बन्ध में ऊंचे क्षेत्र का पानी अस्पताल में आ जाने के कारण जल भराव हो गया उक्त पानी को रोक कर डक्ट द्वारा जल निकासी करायी गई। इसके उपरान्त राम पैडी गंगवाल मन्दिर के बगल लक्ष्मण घाट गली में ओवर फ्लो हो रहे चैम्बर का निरीक्षण किया गया, इस हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

- इसके उपरान्त बछड़ा सुल्तानपुर एवं शक्ति नगर कालोनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल भराव वाले स्थलों पर पम्प के माध्यम से जल निकासी कराया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा जल भराव की समस्या के त्वरित समाधान के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया गया है, विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए जल निकासी की समस्याओं का तत्काल निदान कराये जाने के निर्देश दिए गये है।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि निगम के अधिकारीगण को निरन्तर जल भराव वाले क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए जल निकासी की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में निर्माण की कार्यवाही प्रगतिमान होने से जल भराव की समस्या का भी त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल जल निकासी की कार्यवाही की जा रही है।

- जल भराव के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत / सूचना निगम के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं0 1533/05278-299400/1800-313-1277/7311165805 पर सम्पर्क किया जा सकता है। आज दिनांक 29.06.2024 को कन्ट्रोल रूम में 12 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया गया। शेष पर कार्य प्रगतिमान है।

- शासन के निर्देश पर दिनांक 26.06.2024 से 72 घंटे अनवरत नाला सफाई एवं जल निकासी का अभियान चलाया जा रहा है।



- निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त श्री शशि भूषण राय, श्री वागीश कुमार शुक्ला, श्री अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी श्री अशोक कुमार गुप्ता, अधिशाषी अभियन्ता जल श्री अनूप कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता श्री राजपति यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजेश कुमार झा, अवर अभियन्ता श्री सी०पी० मौर्या, श्री विनोद पटेल, सफाई निरीक्षक श्री विजयेन्द्र वर्मा आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

- दिनांक 30.06.2024 को नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा बैसिंह स्थित कान्हा गौशाला एवं जलभराव वाले क्षेत्रों यथा जलवानपुरा एवं पुराने रेलवे स्टेशन मार्ग का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा सर्वप्रथम नगर निगम के अपर नगर आयुक्त / वरिष्ठ प्रभारी गौशाला श्री सुमित कुमार एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैसिंह स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया गया।

- निरीक्षण के दौरान गौशाला के मिया बाकी वाले वार्ड में उचित साफ सफाई व्यवस्था एवं गौवंशों को नियमित रूप से चुनी, चोकर एवं हरा चारा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत मिया बाकी वाले वार्ड के बगल दुधारू एवं बच्चा वार्ड के परिसर में इंटरलॉकिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए।

- नंदीशाला के सामने भूसे के गोदाम के बगल नाली भटी हुई नाली को तालाब से कनेक्ट किए जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे नंदिशाला मार्ग का पानी नाली के माध्यम से तालाब में निकासी हो सके। जिससे परिसर में जलभराव से उपरांत होने वाली गंदगी से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त बैसिंह गौशाला में गौवशों हेतु पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। गौवशों हेतु पेयजल के टैंक की प्रतिदिन उपलब्धता के निर्देश दिये गये। • ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत गौवशों हेतु निर्मित शेड के अतिरिक्त छाया की पर्याप्त व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये। गौशाला के समस्त गौवंशों के परिसर में नियमित रूप से जल की उपलब्ध रखने के निर्देश दिये गये।



- गौवशों के परिसर में रिक्त स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण के निर्देश दिये गये। गौवशों की सुरक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय से भूसा, चूनी, चोकर एवं हरा चारा उपलब्ध कराये जाने एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

- नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक दशा में गौशाला परिसर में साफ सफाई रखा जाए एवं नगर निगम भीषण गर्मी एवं उच्च तापमान के दृष्टिगत गाँवों के बचाव हेतु पूर्णरूपेण संवेदनशील है। गौवंशों को शेड के अतिरिक्त छाया हेतु अलग से व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

- इसके साथ शेडों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये गये है। इसके उपरांत नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों/अभियन्ताओं के साथ जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जलवानपुरा स्थित मोहल्ला क्षीरसागर, अयोध्या धाम पुराना रेलवे स्टेशन में जलभराव के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल निकासी के समस्या के सम्बन्ध में समस्त संबंधित को युद्ध स्तर पर कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

- इसके साथ साथ यह भी निर्देशित किया गया है समस्त अभियंता जलभराव वाले क्षेत्रों में जनमानस से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्या का समाधान करें। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा जल भराव की समस्या के त्वरित समाधान के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया गया है, विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए जल निकासी की समस्याओं का तत्काल निदान कराये जाने के निर्देश दिए गये है।

- नगर आयुक्त, श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि निगम के अधिकारीगण को निरन्तर जल भराव वाले क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए जल निकासी की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में निर्माण की कार्यवाही प्रगतिमान होने से जल भराव की समस्या का भी त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल जल निकासी की कार्यवाही की जा रही है।

**जल भराव के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत/सूचना निगम के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं0 1533/05278-299400/1800-313-1277/7311165805 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

- निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त श्री सुमित कुमार, श्री वागीश कुमार शुक्ला, जोनल अधिकारी अयोध्या धाम, श्री अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अयोध्या, श्री राजेश कुमार झा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री विजयेंद्र वर्मा, श्री राकेश कुमार वर्मा आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# MEDIA COVERAGE

**पेयजल व्यवस्थाओ का स्थलीय निरिक्षण**

## हनुमानगढ़ी तिराहे पर लगे पानी के बूथों का महापौर ने किया निरीक्षण

**अयोध्यावासियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं देने को नगर निगम प्रतिबद्ध : गिरीश पति**

सहजसत्ता ब्यूरो

अयोध्या। श्रद्धालुओं तथा आम जनमानस को शीतल पेयजल

बूथों के अगल-बगल साफ-सफाई नियमित रूप से करवाए जाने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने कहा

लिए 90 वाटर कूलर तथा वाटर क्यूआस नगर निगम द्वारा लगाए गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए

नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। नालों से निकलने वाली सिल्ट को तुरन्त हटाने को कहा गया है। टूटी नालियों की मरम्मत करवाई जा रही है। अयोध्यावासियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं देने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है।इस

अवसर पर अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ला, अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह, जल कल महाप्रबंधक महेश चंद्र आजाद, अधिशासी अभियंता अनूप सिंह व जेई शशि कला सहित नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।




उपलब्ध कराने को लेकर नगर निगम द्वारा हनुमान गढ़ी तिराहे पर लगाए गए पानी के बूथों का महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता परखी। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को पानी के

इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण ठंडा जल सभी की मूलभूत आवश्यकता है। नगर निगम क्षेत्र में आम जनमानस व श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के लिए हम कटिबद्ध हैं। अयोध्या धाम क्षेत्र में पेयजल के

नगर निगम ने जन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी के बूथ स्थापित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि बरसात से पूर्व जल भराव से निपटने के लिए

## गंगा दशहरा से पूर्व घाटों पर चला सफाई अभियान

**विशेष सफाई अभियान**

स्वतंत्र चेतना,अयोध्या। शनिवार को गंगा दशहरा के पूर्व सरयू घाटों एवं गुप्तारघाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान का आरम्भ आरती घाट, पक्का घाट से लेकर चौधरी चरण सिंह घाट एवं गुप्तारघाट पर चलाया गया।

नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। गंगा दशहरा के पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ होती है, जिससे घाटों पर सफाई व्यवस्था के सुदृढीकरण विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि अयोध्या धार्मिक एवं अध्यात्मिक नगरी है। श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरान्त लाखों की संख्या में प्रतिदिन आगमन हो रहा है। अयोध्या



आने वाले श्रद्धालुओं को उत्ष्ट सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु निगम पूर्ण रूपेण त संकल्पित है। अयोध्या धाम में घाटों की सफाई, मठ मन्दिरों एवं मुख्य मार्गों की सफाई विशेष प्राथमिकताओं में है। घाटों पर विशेष अभियान चलाते हुए श्रद्धालुओं से प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग न करने, कूड़े को कूड़ेदान में डालने एवं पवित्र सरयू नदी को स्वच्छ रखने के लिए अपील की जा रही है। आम जन मानस एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से अयोध्या को विश्व की स्वच्छतम नगरी की संकल्पना को साकार किया जायेगा। स्वच्छता के इस महाभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस अभियान के दौरान जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, गुरू प्रसाद पाण्डेय, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा, कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजयेन्द्र वर्मा, देवी प्रसाद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

---

## मेयर व नगरआयुक्त ने किया जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण

**महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा जलभराव क्षेत्रों का स्थलीय निरिक्षण किया गया**

स्वतंत्र चेतना, अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा जल भराव की समस्या के दृष्टिगत जनौरा पक्का तालाब ,पुष्पराज चौराहे पर स्थित नाले सहित अन्य जलभराव के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनौरा एवं लाल डिग्गी पर स्थापित पम्प को नियमित रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्तविद्युत आपूर्ति बाधित होने के स्थिति में इलेक्ट्रिक पम्प का संचालन जनरेटर के माध्यम से किये जाने एवं डीजल पम्प की उपलब्धता के निर्देश दिये गये है। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस वर्षा से नगर के कई क्षेत्रों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी थी, जिसके निराकरण की कार्यवाही निगम द्वारा तत्परता से की गयी। विशेष कार्यदल को भी नियमित रूप से क्रियाशील रखते हुए जल निकासी की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जा रही हैं। महापौर ने बताया कि नगर सीमान्तर्गत जल



निकासी की समस्या के समाधान हेतु निगम पूर्ण रूपेण तत्पर है। नगर निगम द्वारा जल भराव की समस्या के त्वरित समाधान के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया गया है, जो जल भराव के चिन्हित क्षेत्रों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यदायी संस्थाएं जिनके द्वारा नाला एवं डक्ट का निर्माण कराया जा रहा है, उन विभागों से समन्वय करते हुए जल निकासी की समस्याओं का निदान कराये जाने के निर्देश दिए गये है। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम के अधिकारीगण को निरन्तर जल भराव वाले क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए जल निकासी की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में निर्माण की कार्यवाही प्रगतिमान होने से जल भराव की समस्या का भी त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल जल निकासी की कार्यवाही की जा रही है। जल भराव के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत/सूचना निगम के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं0 1533/05278-299400/1800-313-1277/7311165805 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस अभियान के दौरान अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी गुरू प्रसाद पाण्डेय, सहायक अभियन्ता राजपति यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवी प्रसाद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

**प्रमुख सचिव, महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा जलभराव क्षेत्रों का स्थलीय निरिक्षण किया गया**

## प्रमुख सचिव ने महापौर, नगर आयुक्त के साथ जलवानपुरा का किया निरीक्षण

स्वतंत्र चेतना, अयोध्या। महानगर में जलभराव की सूचना पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोमवार को प्रमुख सचिव नगर अमृत अभिजात ने अयोधा पहुंच कर अधिकारियों के साथ्ज्ञ बैठक कर अब तक हुए प्रबंधो की जानकारी लेते हुए महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, कमिश्नर गौरव दयाल, म्यूनिशपल कमिश्नर संतोष शर्मा व अमित सिंह विशेष सचिव नगर विकास के साथ ही अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, सुमित कुमार, अनिल कुमार सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण सत्येन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त गुरू प्रसाद पाण्डेय, मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता अनूप सिंह, सहायक अभियन्ता राजपति यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा के साथ बैठक कर जल निकासी को लेकर चर्चा किया है। इसके अलावा जलवानपुरा में भ्रमण कर कार्यवाही को देखा है।



के साथ समीक्षा बैठक में 5जल निकासी हेतु विभिन्न विभागों जल निगम, लोक निर्माण विभाग, प्रशासन, अयोध्या विकास प्राधिकरण व अन्य के साथ समन्वय स्थापित कर करें समाधान करने, हैदराबाद की तर्ज पर अयोध्या धाम के जल निकासी हेतु इन्टीग्रेटेड ड्रेनेज स्टोर्म वाटर मैनेजमेन्ट प्लान लागू करने के दिये निर्देश दिया हैं। बैठक में बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा जल निकासी हेतु 440 करोड़ की परियोजना तैयार की गयी, इसका तकनीकी परीक्षण करा लिया जाए।

प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जलवानपुरा, क्षीरसागर एवं जनौरा का निरीक्षण किया गया। नगर निगम सीमान्तर्गत हो रहे जल भराव वाले क्षेत्रों में निरन्तर जनमानस से समन्वय स्थापित करते हुए शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ साथ यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त अधिकारीगण अपने फोन को प्रत्येक दशा में संचालित रखे एवं समस्त कॉल को स्वयं उठायें, जिससे

# AYODHYA NAGAR NIGAM

**Scan & Download Our Mobile Application for Android & iOS**

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

**Scan to Report**

**Website**: nagarnigamayodhya.in || **Toll free number:** 1800 313 1277

**Control room**: 1533 || **Email**: nagarnigamayodhya@gmail.com

**Municipal Corporation, Ayodhya Civil Lines, Lajpat Nagar, Ayodhya**

**FOLLOW US ON:**

**NAGAR NIGAM AYODHYA**